## मानकुंवरबाई कॉलेज में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन उमंग के दौरान छात्राओं को किया पुरस्कृत

# कामयाब होने के लिए सोच रखें पॉजिटिव




**सिटी रिपोर्टर, जबलपुर।** भारत विश्व का सबसे युवा देश है। भारतीय युवाओं ने शक्ति और ऊर्जा का विदेशों में प्रदर्शन किया है। आज यहां जो छात्राएं पुरस्कृत हुई हैं, वह इनके परिश्रम का नतीजा है। उक्त विचार मानकुंवरबाई कॉलेज में आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन उमंग के दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. प्रदीप दुबे ने व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ठाकुर रहे। प्राचार्य डॉ. स्मृति शुक्ल का निर्देशन एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. कामना श्रीवास्तव का मार्गदर्शन रहा। इस दौरान वार्षिक प्रतिभा सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

### बुद्धि और विवेक से काम लेना चाहिए...

मुख्य वक्ता डॉ. शिरीष जामदार, वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा कि कामयाब होने के लिए सकारात्मक सोच ही काफी नहीं, बल्कि बुद्धि और विवेक से काम लेना आवश्यक है। कार्यक्रम में युवा उत्सव के अंतर्गत महाविद्यालय स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं की विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। संचालन डॉ. नुपुर निखिल देशकर एवं डॉ. अर्चना सिंह एवं आभार व्यक्त डॉ. अरुणा ने किया।

### शिक्षा मंत्री प्रदान करेंगे गोल्ड मेडल

एक ही मंच पर एक साथ 47 अलंकरण का वितरण किया जाएगा। उक्त जानकारी मानकुंवर बाई कॉलेज में एक प्रेसवार्ता के माध्यम से दी गई। जानकारी में बताया गया कि मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं विशिष्ट अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे की उपस्थिति रहेगी। वार्ता में बताया गया कि स्वर्ण पदक वितरण का आयोजन सुबह 10.30 से कॉलेज परिसर में किया जाएगा। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य के साथ ही मीडिया प्रभारी डॉ. ऊषा कैली मौजूद रहीं।पी-2